नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी "बी"

# महाराणाप्रतापस्नातकोत्तरमहाविद्यालय

## जंगल धूसड़-गोरखपुर

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416

मो.9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ...................

दिनांक : 08.01.2019

# प्रकाशनार्थ

भारत की सेनायें आज दुनिया की सबसे बड़ी सेनाओं में गिनी जा रही है। चीन व पाकिस्तान से ऊभर रहे खतरों से बचाने के लिए भारत को अपनी पूर्ण तैयारी रखनी होगी उपर्युक्त बातें महाराणा प्रताप पी०जी० कालेज जंगल धूसड़ में रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित रक्षा प्रदर्शनी के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित श्री अशुंमान सिंह, सहायक आचार्य, मदन मोहन मालवीय, पी०जी० कालेज, भाटपार रानी देवरिया ने कहीं। दूसरे वक्ता अमित त्रिपाठी शोध छात्र गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर ने भारतीय सेना के आधुनिकीरण को रेखांकित करते हुए कहा कि आज भारत मिसाइल टेक्नालॉजी के क्षेत्र में विश्व की एक बड़ी ताकत है। तथा भारत आज विश्व के लगभग दो दर्जन देशों को स्वयं के निर्मित हथियारों को बेच रहा है। तीसरे अतिथि वक्ता के रूप में डॉ० करूणेन्द्र सिंह, सहायक आचार्य, बापु पी०जी० कालेज, पीपीगंज, गोरखपुर ने इस अवसर पर छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज पैदल सेना के रूप तीसरी सबसे बड़ी सेना भारत की है। वर्तमान सरकार सेना के आधुनिकीकरण एवं उसे तमाम सुविधाएँ देनें का प्रयास कर रही है। वर्तमान में रक्षा क्षेत्र में व्यापक विदेशी निवेश इस बात की स्पष्ट व्याख्या करते है कि भारत आज आधुनिक सैन्य साजो–सामान से सुसज्जित देश बनने जा रहा है।

उक्त अवसर पर रक्षा प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ०विजय कुमार चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभ–कामनाएँ दी। उक्त प्रदर्शनी में प्रथम स्थान रागिनी राय, निशा सिंह, गौतम तिवारी (बी०एस–सी० भाग दो), द्वितीय स्थान रमा वर्मा, विन्धवासिनी सिंह, सृष्टि (बी०एस–सी०भाग दो) व तृतीय स्थान सोनल दूबे (बी०ए० भाग तीन) रहीं। रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के प्रभारी डॉ० अभिषेक सिंह ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रदर्शनी के आयोजन से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास होता है साथ ही वे नवीन ज्ञान को आत्मसात करने का अवसर भी पाते है।

रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य डॉ० रमाकान्त दूबे ने सभी विजयी प्रतिभागियों के साथ ही आमंत्रित अतिथियों एवं सभी छात्र/छात्राओं के प्रति शुभकामनाएँ एवं आभार ज्ञापित किया।

(डॉ0 राजेश शुक्ल)
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी